आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 19.10.2024      समय : 18.30 पीएम

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा–देश में उच्च शिक्षा के बेहतर अवसरों के बारे में विद्यार्थियों को जागरुक किये जाने की ज़रूरत।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में कर्मयोगी सप्ताह का शुभारंभ करेंगे।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने दिल की बीमारियों की शुरूआती पहचान और रोकथाम के लिए समाज में वातावरण बनाए जाने पर ज़ोर दिया।
- विजया रहाटकर, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष नियुक्त।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि शिक्षा के व्यवसायीकरण से शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। श्री धनखड़ आज दोपहर सीकर में एक निजी शिक्षण संस्थान के समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा का व्यवसाय बन जाना राष्ट्र के भविष्य के लिए कभी भी अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा कभी भी आय का साधन नहीं रही, बल्कि त्याग, दान और स्वस्थ समाज के निर्माण का माध्यम रही है। श्री धनखड़ ने कहा कि आज शिक्षा एक ऐसी वस्तु बन गई है, जिसे लाभ के लिए बेचा जा रहा है और इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है। श्री धनखड़ ने कहा कि विदेशी आक्रमणकारियों ने प्राचीन भारत में ज्ञान के केंद्रों को नष्ट कर दिया और ब्रिटिश शासन में भारतीय शिक्षण संस्थानों को खत्म कर दिया गया। उन्होंने कहा कि छात्र उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाना चाहते हैं, लेकिन भारत में भी इसके लिए बहुत अवसर हैं और संस्थानों और उद्योग जगत की हस्तियों को विद्यार्थियों को इसके बारे में जागरूक करना चाहिए। श्री धनखड़ ने कहा कि इससे प्रतिभा पलायन और विदेशी मुद्रा की हानि रुकेगी। उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भी प्रशंसा की और इसे गेम चेंजर बताया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में कर्मयोगी सप्ताह का शुभारंभ करेंगे। इस सप्ताह के दौरान मंत्रालयों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। हर कर्मचारी को कम से कम 4 घंटे का पाठ्यक्रम पूरा करना होगा। इस सप्ताह के प्रख्यात वक्ता अपनी विशेषज्ञता से जुडे विषयों पर व्याख्यान देंगे। इस प्रशिक्षण से व्यक्तिगत प्रतिभागियों मंत्रालयों, विभागों और संगठनों की क्षमता का विकास होगा।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने दिल की बीमारियों से बचाव और उपचार के लिए जागरुकता बढ़ाने पर जोर दिया है। राज्यपाल आज जयपुर में एक निजी अस्पताल की ओर से आयोजित 'हार्ट कॉन्क्लेव' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हृदय रोग इस समय सबसे बड़े रोग के रूप में उभरकर सामने आ रहा है। राज्यपाल ने कहा कि हर उम्र के लोगों को यह बीमारी हो रही है। इससे बचाव के साथ–साथ इस बीमारी के रोगियों की जान बचाने के लिए लगातार काम किया जाए। श्री बागड़े ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट की चर्चा करते हुए कहा कि दुनिया भर में हृदय रोग से संबंधित लगभग पौने दो करोड़ मौतों में से कम से कम पांचवां हिस्सा भारत का है। उन्होंने कहा कि हृदय रोगों से होने वाली मौतों में युवा उम्र के लोगों की संख्या बहुत अधिक है, जो चिंताजनक है। उन्होंने इस संबंध में हृदय रोग की आरंभिक पहचान और रोकथाम के लिए समाज में वातावरण बनाए जाने पर भी जोर दिया। श्री बागडे ने योग की भारतीय संस्कृति और शारीरिक व्यायाम से युवा पीढ़ी को जोड़ने और कार्यस्थलों पर स्वस्थ वातावरण बनाने की आवश्यकता जताई।

000

राज्य में उपचुनाव वाले सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। झुंझुनूं में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड की ओर से जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली से पूहले संगोष्ठी का

आयोजन किया गया। इस बीच, उपचुनाव के वास्ते नामांकन भरने का काम जारी है। आज दौसा विधानसभा क्षेत्र में आर.आर.पी. उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

000

दुबई से कल देर रात जयपुर आ रही फ्लाइट में बम की सूचना का ईमेल मिलने के बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जयपुर एयरपोर्ट पर विमान की लैंडिंग करवाई गई। इसके बाद सुरक्षा दलों ने विमान की गहनता से जांच की। हालांकि जांच में कोई भी संदिग्ध सामान नहीं मिला। जिसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। विमान में 189 यात्री सवार थे। यह विमान कल मध्य रात्रि 1 बजकर 20 मिनट पर जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा था। जयपुर पुलिस मामला दर्ज कर संदिग्ध ईमेल भेजने वाले का आईपी ऐड्रेस ट्रेस करने में जुटी है।

000

विजया रहाटकर को राष्ट्रीय महिला आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। महिला और बाल विकास मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। सुश्री रहाटकर इससे पहले महाराष्ट्र महिला आयोग की अध्यक्ष और औरंगाबाद की महापौर रह चुकी हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय सचिव और पार्टी की महिला शाखा की अध्यक्ष के रूप में भी काम किया है। मंत्रालय ने राष्ट्रीय महिला आयोग के सदस्य के रूप में डॉ. अर्चना मजूमदार की नियुक्ति की भी अधिसूचना जारी की है।

000

सीनियर सैकण्डरी स्तर की समान पात्रता परीक्षा 22 से 24 अक्टूबर तक आयोजित होगी। ये परीक्षा दो पारियों में होगी। परीक्षा में 3 लाख 11 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि परीक्षा के सुचारू और सफल संचालन के लिये नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। परीक्षा के लिए हर पारी में 77 उप समन्वयक और 29 उड़नदस्ते भी तैनात रहेंगे। जयपुर में इसके लिए डेढ़ सौ और टोंक में 25 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

000

जोधपुर में आज सीमा सुरक्षा बल के नव—आरक्षकों की दीक्षान्त परेड आयोजित की गई। इसमें 567 नव—आरक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने भारतीय संविधान के प्रति कर्तव्यनिष्ठ होकर देश की एकता और अखंडता को कायम रखने की शपथ ली। सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, सीमा सुरक्षा बल, जोधपुर के महानिरीक्षक एम.एल. गर्ग ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। दीक्षांत परेड के बाद पारम्पारिक शस्त्र कला और विहू नृत्य का प्रदर्शन किया गया।

000

नौवें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष में जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के पंचकर्म विभाग की ओर से निशुल्क रक्तमोक्षण शिविर लगाया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन कुलपति संजीव शर्मा ने किया गया। पंचकर्म विभाग के अध्यक्ष प्रो. गोपेश मंगल ने बताया कि शरद ऋतु में शरीर मे पित्त बढ़ने से रक्त दृष्टि, अम्लपित जैसी समस्या बढ़ जाती हैं। पित्त के कारण होने वाले रोग और समस्याओं के समाधान और बचाव के लिये विभाग द्वारा 15 नवम्बर तक रक्तमोक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

रक्तमोक्षण को पंचकर्म उपचारों में सबसे महत्वपूर्ण थेरेपी में से एक माना जाता है। इसका उपयोग त्वचा रोग, दाद, फोड़े, मुंहासे, एक्जिमा, खुजली, एक्जिमा सोरायसिस, अल्सर, गाउट के अलावा लिवर से संबंधित बीमारियों को दूर करने के लिए किया जाता है। इस थैरेपी के जरिए शरीर में खून को साफ करने का काम किया जाता है।

000

अलवर में डिप्थीरिया के मामले सामने आने के बाद प्रशासन अलर्ट हो गया है। आरसीएच के निदेशक डॉ. सुनीत सिंह राणावत ने जिला अस्पताल पहुंचकर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डॉ. राणावत ने कहा कि अलवर के जिला अस्पताल में मौसमी बीमारियों के मरीजों के इलाज के लिए सभी व्यवस्थाएं हैं। उन्होंने कहा कि डिप्थीरिया से बचाव के मद्देनजर टीकाकरण से वंचित बच्चों को टीके लगाने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

000

भारतीय गेहूं और जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल ने केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित गेहूं की 13 नई किस्मों के बीजों का वितरण आज से शुरू किया है। इसके लिए देशभर से 22 हजार किसानों ने पोर्टल पर पंजीकरण कराया था। इन नई किस्मों के बीजों में अधिक रोग प्रतिरोधक और उत्पादन क्षमता है। संस्थान के निदेशक डॉ. रतन तिवारी ने बताया कि इस बार संस्थान ने एक सौ 15 मिलियन टन गेहूं उत्पादन का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष लगभग एक सौ 13 मिलियन टन गेहूं का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ था।

000